देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 03 अक्टूबर 2019। विश्वविद्यालय के शैक्षिक विभागों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की, युवा–उत्सव 2019 में प्रतिभागिता हेतु चयन प्रक्रिया का प्रथम चरण आज सम्पन्न हुआ। विश्वविद्यालय सभागृह में सर्वप्रथम शास्त्रीय एकल नृत्य की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कुल 09 प्रतिभागियों ने कथक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके पश्चात समूह नृत्य की प्रतियोगिता में कुल 04 दलों ने हिस्सा लिया। जिसमें कालबेलिया, गुजराती, मराठी लोक नृत्यों की प्रस्तुती दी गई। इस प्रतियोगिता की निर्णायक थीं सुश्री आभा मोंढे ।

द्वितीय सत्र में पाश्चात्य एकल एवं समूह गायन की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके निर्णायक श्री मृणाल व्यास थे। तत्पश्चात स्वर एवं ताल वाद्य की प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने वायलन, बांसुरी एवं तबले की सुमधुर प्रस्तुतियाँ दी। इस विधा के निर्णायक थे श्री राजीव राय एवं डॉ. महेश दुमालदार।

आय.एम.एस. में आयोजित साहित्यिक विधा ''प्रश्न मंच'' में 40 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रश्न मंच में प्रतिभागियों के चयन हेतु लिखित परीक्षा आयोजित की गई।

ललित कला की विधाओं के अंतर्गत रंगोली, क्ले मॉडलिंग, ऑन द स्पॉट पेंटिंग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली का विषय था ''प्रकृति'', क्ले मॉडलिंग का विषय ''नवरात्रि'', एवं ऑन द स्पॉट पेंटिंग का विषय था ''ग्रामीण भारत'' । इन प्रतियोगिताओं में लगभग 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निर्णायक थी श्रीमती अनिता पॉल ।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी